पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

——————

स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल ने दी बधाई

——————————

लखनऊः 14 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 76वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश तथा देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल जी ने कहा कि 15 अगस्त, 2022 को आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के साथ ही देश 76वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है।

उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आजादी के अमृत महोत्सव के पुनीत अवसर पर स्वाधीनता दिवस का यह पर्व देशवासियों में नई ऊर्जा और नवचेतना का संचार करेगा।

———————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (58/58)